# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 943/गोपनीय/बविवि/महा.स्त.अंक/2018 भोपाल, दिनांक 25-10-18

//अधिसूचना//

प्रति,

प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय ।

विषयः वार्षिक पद्धति स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 2017-18 की पूरक (सप्लीमेंट्री) प्रायोगिक, सतत् आंतरिक मूल्यॉकन, परियोजना/प्रोजेक्ट एवं मौखिकी परीक्षाऐं आयोजित कर अंक प्रेषित करने संबंधी।

महोदय/महोदया,

विषयान्तर्गत वार्षिक पद्धति के अन्तर्गत सत्र 2017-18 स्नातक प्रथम, वर्ष की **पूरक (सप्लीमेंट्री)** प्रायोगिक परीक्षाएँ **दिनांक 05.11.2018** तक आयोजित की जाना निर्धारित किया गया है। कृपया विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक प्रथम वर्ष में नियुक्त बाह्य परीक्षकों के सहयोग से निर्धारित तिथि तक प्रायोगिक परीक्षाऐं आयोजित कर अंक प्रविष्ठि विश्वविद्यालय के वेब प्रकोष्ठ द्वारा आपके महाविद्यालय हेतु निर्धारित लिंक के माध्यम से विश्वविद्यालय वेब साइट **www.bubhopal.ac.in** पर परीक्षा आयोजन तिथि को ही अपलोड करवाने का कष्ट करें । प्रायोगिक परीक्षांक पर्ण/प्रतिपर्ण **(foil/counter foil)** केवल निर्धारित प्रपत्र पर आंतरिक परीक्षक एवं बाह्य परीक्षक के नाम, मोबाइल कमांक पते एवं हस्ताक्षरों के साथ प्रस्तुत किये जावें इनके अभाव में अंक स्वीकार्य नहीं होंगे । प्रायोगिक परीक्षाऐं संपन्न करवाकर अंक निर्धारित तिथियों तक ऑनलाइन निर्धारित लिंक पर अपलोड करें तथा अंकों की कागज प्रति **(Hard Copy)** भी गोपनीय शाखा में जमा करावें।

महाविद्यालयस्तरीय परीक्षाओं (प्रायोगिक, सतत् आंतरिक मूल्यॉकन, परियोजना कार्य, मौखिक परीक्षा) आदि में अनुपस्थित छात्रों की सूची की कागज प्रति **(hard copy)** आवश्यक रूप से **दिनांक 10.11.2018** तक गोपनीय शाखा में जमा कर पावती प्राप्त की जावे, जिसके पश्चात् अंक स्वीकार नहीं किये जावेंगे जिसका पूर्ण दायित्व महाविद्यालय का होगा ।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

पृ.क्रमांक 944 /गोपनीय/बविवि/महा.स्त.अंक/2018 भोपाल, दिनांक 25-10-2018

प्रतिलिपि :-

1. संबंधित कार्य सहायक, गोपनीय शाखा, की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
2. सहायक कुलसचिव, (परीक्षा/गोपनीय/अकादमी), बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल ।
3. कुलपतिजी के निज सचिव, के माध्यम से कुलपतिजी के सूचनार्थ ।
4. कुलसचिवजी के सचिव, के माध्यम से कुलसचिव के सूचनार्थ ।

5. प्रभारी, वेब प्रकोष्ठ, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की ओर इस निर्देश के साथ कि वे कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेब पर अपलोड करने के साथ सभी महाविद्यालयों की ई मेल आई.डी.पर फारवर्ड करें । निर्धारित अंतिम तिथि तक महाविद्यालयों द्वारा ऑन लाईन अपलोड सी.सी.ई./प्रोजेक्ट अंक मौखिक परीक्षा अंकों की कागज प्रति (Hard copy) आवश्यक रूप से गोपनीय शाखा को उपलब्ध करावें ।

6. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, बी विंग, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ ।

7. नस्ती प्रति ।

उप/सहायक कुलसचिव (गोपनीय),
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल